आनासागर वेटलैंड पर नियमों का उल्लंघन कर प्रोजेक्ट बनाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

■ विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी नैतिकता के आधार पर दे इस्तीफा

अजमेर । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में अजमेर में आनासागर के किनारे भराव क्षेत्र वेटलैंड पर बनाए गए फूड प्लाजा सेवन वंडर गांधी स्मृति उद्यान को तोड़ने के मामले में तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर समस्त प्रकरण की सी बीआई से जांच करवाने एवं नियमों का उल्लंघन करने वाले दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।कांग्रेसी नेता रलावता ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्मार्ट सिटी मिशन की शुरुआत 25 जून 2015 को की थी मिशन का मुख्य उद्देश्य स्मार्ट सिटी में 24 घंटे शुद्ध पेयजल की सप्लाई, 24 घंटे विद्युत आपूर्ति ,बेहतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था, स्मार्ट क्लासेज द्वारा बेहतर शिक्षा ,आवागमन एवं यातायात की सुविधा हेतु बेहतर सड़के ,खेल को बढ़ावा देने के लिए बेहतर स्टेडियम एवं प्रशिक्षण ,बेहतर सीवरेज व्यवस्था आदि करना था। उन्होंने बताया कि स्मार्ट सिटी अजमेर प्रोजेक्ट की कार्य समिति में जिला कलेक्टर, नगर निगम अजमेर की महापौर, नगर निगम अजमेर के आयुक्त , अजमेर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष ,अजमेर विकास प्राधिकरण के आयुक्त एवं सचिव क्षेत्रीय सांसद एवं क्षेत्रीय विधायक आदि प्रतिनिधि होते हैं । रलावता ने बताया कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट 25 जून 2015 को प्रारंभ किया गया था उस समय अजमेर में ट्रिपल इंजन की सरकार थी । केंद्र एवं राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी एवं नगर निगम अजमेर में भारतीय जनता पार्टी का बोर्ड था । उन्होंने बताया कि स्मार्ट सिटी अजमेर के प्रोजेक्ट ट्रिपल इंजन की सरकार के संरक्षण में बनाए गए थे और वेटलैंड नियमों का उल्लंघन कर प्रोजेक्ट बनाए गए थे । उन्होंने बताया कि स्मार्ट सिटी अजमेर प्रोजेक्ट का उद्देश्य व्यापक विकास कार्य करना एवं जन सुविधाओं में बढ़ोतरी करना था परंतु स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत सुभाष उघान, पटेल मैदान ,आजाद पार्क इंडोर स्टेडियम का विकास एवं जीर्णोद्धार तो हुआ परंतु आमजन का प्रवेश निषेध कर दिया गया एवं व्यवसायिक गतिविधियां शुरू कर दी गई है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है । कांग्रेसी नेता रलावता ने आरोप लगाया कि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं तथा 2015 में भारतीय जनता पार्टी की राजस्थान सरकार में शिक्षा राज्य मंत्री थे स्मार्ट सिटी अजमेर की कार्य समिति में थे दिनांक 17 नवंबर 2023 को एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अजमेर आगमन पर आयोजित विशाल रोड शो का विज्ञापन प्रकाशित किया गया विज्ञापन में विधायक वासुदेव देवनानी ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के विभिन्न विकास कार्यों का झूठा श्रेय लेकर जमकर वाह वाही लूटी। विज्ञापन में आना सागर भराव क्षेत्र में 10 किलोमीटर के पाथ वे को भी अपनी उपलब्धि बताया। कांग्रेसी नेता रलावता ने कहा कि विज्ञापन में विधायक देवनानी ने आना सागर के चारों ओर बिना मूल स्वरूप के छेड़छाड़ के पाथ वें के निर्माण को अपनी उपलब्धि बताया गया है । जबकि वास्तविकता यह है कि आनासागर में पाथ वें बनाने के लिए लाखों टन मिट्टी डालकर आना सागर का मूल स्वरूप छोटा कर दिया गया है जिससे मामूली बरसात में बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है । विधायक देवनानी स्मार्ट सिटी अजमेर के विकास कार्यों का विज्ञापन देकर झूठा श्रेय एवं वाह वाही लुट कर आम जनता को गुमराह किया है । विधायक वासुदेव देवनानी की नियमों का उल्लंघन कर वेट लैंड पर हो रहे निर्माण पर मौन स्वीकृति थी । आनासागर भराव क्षेत्र में नियम विरूद्ध हो रहे निर्माण पर अगर विधायक देवनानी को आपत्ति थी तो उसे समय आवाज क्यों नहीं उठाई?

कांग्रेसी नेता रलावता ने तंज करते हुए कहा कि विधानसभा अध्यक्ष अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते हैं विधानसभा अध्यक्ष देवनानी को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए ।इस अवसर पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिव कुमार बंसल ने बताया कि ट्रिपल इंजन की सरकार के संरक्षण में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट फंड का दुरुपयोग कर अधिकारियों एवं ठेकेदारों ने जमकर चांदी कुटी है? । ट्रिपल इंजन की सरकार के संरक्षण में गांधी भवन पर रंग रोगन कर स्मार्ट सिटी के फंड का दुरुपयोग किया गया था। भारतीय तकनीकी मानक के अनुसार पत्थर की चुनाई वाली ऐतिहासिक एवं पुरातत्व महत्व की इमारत पर रंग रोगन नहीं किया जा सकता है । 25 जून 2019 को तत्कालीन जिला कलेक्टर विश्व मोहन शर्मा को कांग्रेसियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने भेटकर भविष्य में पत्थर की चुनाई की ऐतिहासिक एवं पुरातत्व महत्व की इमारत पर रंग रोगन नहीं करवाने की हिदायत दी थी।

गाड़ी खान में कूदी

सरवाड । सरवाड़ शहर के कोटा राजमार्ग के दाहिनी तरफ स्थित शराब के ठेके के पास पानी से भरी गहरी खदान में एक स्कारर्पियो कार आगे पीछे लेने के चक्कर में गहरी खान में जा गिरी वही उक्त हादसे के बाद न केवल मौके पर प्रशासन पहुंच गया बल्कि कार को चला रहे युवक को बचाने के लिए मौके पर जबरदस्त भीड़ जमा हो गई जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम यह स्कारपीयो शराब के ठेके के पास ख़डी थी इस दौरान टेम्पो चालक माधु गुर्जर निवासी भेरूखेड़ा उक्त कार को आगे पीछे ले रहा था और इस दौरान यह युवक कार सहित गहरे पानी की खदान मे डूब गया वही सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस मोके पर पहुंच गई तथा दो हाइड्रो मशीन व तीन जेसीबी क्रेन अन्य संसाधन लगाकर स्कारपीयो को बाहर निकाला गया लेकिन युवक का शव नहीं मिला प्रशासनिक अमले ने गोता गौर की टीम द्वारा तलाश की जा रही है वहीं एकाएक यह घटना होने से लोगों में खलबली मच गई खबर लिखे जाने तक युवक को बाहर नहीं निकाला जा सका उक्त हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर सेकंडों लोगो की भीड़ जमा हो गई इस मौके पर सरवाड़ उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर तहसीलदार बंटी राजपूत व थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद चौधरी पर पहुंचकर जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गाया।

सार-समाचार

फाग महोत्सव आयोजित

अजमेर । आरपीएससी अमरदीप कॉलोनी स्थित अमरेश्वर महादेव मंदिर में महिला मंडल की ओर से फाग महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमे में महिलाओं ने फूल व इत्र सहित गुलाल से होली खेली और श्री श्याम बाबा के भजनों पर जमकर नृत्य किया। जानकारी देते हुए महिला मंडल समन्वय नीतू बसंल ने बताया कि फाग महोत्सव में महिलाओ द्वारा रंग – बिरंगे फूलों से श्री श्याम बाबा का दरबार सजा गया, इसके बाद महिलाओ ने श्री श्याम बाबा के भजनो पर नृत्य करते हुए फूल व गुलाल से होली खेली। इसके बाद सभी को प्रसाद का वितरण किया गया।

होली उत्सव गुरुवार 13 मार्च को

अजमेर । पुष्कर होली उत्सव के अवसर पर गुरुवार को मेला मैदान पुष्कर पर पर्यटन विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक योगेश कुमार खत्री ने बताया कि पुष्कर होली उत्सव के अन्तर्गत शाम 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न प्रख्यात राजस्थानी लोक कलाकारों द्वारा पारम्परिक राजस्थानी लोक संगीत एवं नृत्यों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। इसमें नगाड़ा वादन, कालबेलिया नृत्य, लंगा मांगणियार गायन, डेजर्ट सिम्फनी, चरी नृत्य, घूमर नृत्य, चकरी नृत्य, बीन वादन, सहरिया स्वांग नृत्य, भंवई नृत्य, अलगोजा वादन तथा नृत्य एवं ब्रज की होली तथा मयूर नृत्य सम्मिलित हैं।

सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन के लिए कार्यशाला आयोजित

भीलवाड़ा। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार जिला कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सिंगल यूज प्लास्टिक को सभी सरकारी कार्यालयों से हटाने के संबंध में चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान, क्षेत्रीय अधिकारी दीपक धनेटवाल ने सिंगल यूज प्लास्टिक, उससे संबंधित नियम, दुष्प्रभाव आदि की जानकारी दी। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी जिला स्तरीय कार्यालय 15 अप्रैल तक सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त किए जाएं और अन्य ब्लॉक, उपखंड एवं तहसील स्तरीय कार्यालयों को 4 जून तक प्लास्टिक मुक्त किया जाए। क्षेत्रीय अधिकारी दीपक धनेटवाल ने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को जिला कलेक्टर की तरफ से प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि सरकारी कार्यालयों में प्लास्टिक की बॉटल, कटलरी, प्लास्टिक फूल इत्यादि सामठ्ठी प्रतिबंधित है और इन वस्तुओं के विकल्पों की सूचना भी दी गई। कार्यशाला में सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अंतिम तिथि 15 मार्च

भीलवाडा। राज्य सरकार ने भार वाहनों के कर जमा कराने की अंतिम तिथि 15 मार्च निर्धारित की है। सभी भार वाहनों यथा ट्रक, ट्रैलर, डंपर आदि को अपने वाहनों का कर 15 मार्च तक अनिवार्य रूप से जमा करवाना है। वाहनों का कर ऑनलाईन माध्यम से ही वसूल किया जा रहा है। डिजीटल माध्यम से कर जमा कराने के लिए वाहन स्वामी वाहन पोर्टल पर पे युवर टैक्स का विकल्प चयन कर अपना कर जमा करा सकते है। जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी ने बताया की निर्धारित अवधि के पश्चात कर जमा नही कराने पर वाहनों के विरूद्ध 3 प्रतिशत प्रति माह की दर से पेनल्टी एवं कर राशि के बराबर शास्ति आरोपित की जायेगी। निर्धारित अवधि के पश्चात बिना कर जमा वाले वाहनों की जब्ती की कार्यवाही के लिए जिले में उडनदस्तों को निर्देश प्रदान किये गये है। किसी प्रकार की असुविधा (वाहनों की जब्ती) के लिए स्वामी 15 मार्च 2025 तक कर जमा करवाना सुनिश्चित करें। पेनल्टी से बचने के लिए वाहन कर जमा कराने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर परिवहन कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है। परिवहन कार्यालय मे वाहन स्वामियों को ऑनलाईन कर जमा कराने मे किसी प्रकार की परेशानी के लिए विशेष काउंटर स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले मे संचालित कर बकाया वाले वाहनों को भी बकाया कर जमा कराने के लिए विभाग द्वारा वाहनों को नोटिस जारी किये गये है।

त्योहारों के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट किये नियुक्त

■ त्यौहारों/पर्वो पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालक

भीलवाड़ा। जिला मजिस्ट्रेट जसमीत सिंह संधू ने होली, धुलडी, रंगपंचमी, शीतला सप्तमी, शीतला अष्टमी, रंग तेरस, चेटीचण्ड, हिन्दू नववर्ष, ईदुलफितर त्यौहारों/पर्वो पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये है।

कार्यपालक मजिस्ट्रेट कोतवाली एवं भीमगंज थाना क्षेत्र के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेट दिव्यराज सिंह चुण्डावत, तथा नायब तहसीलदार (कार्यालय उपखंड अधिकारी) परमजीत सिंह भाटी को, सुभाष नगर एवं सदर थाना क्षेत्र के लिए सहायक कलेक्टर अरूण कुमार जैन तथा नायब तहसीलदार भीलवाड़ा रोनक शर्मा को, प्रताप नगर एवं पुर थाना क्षेत्र के लिए तहसीलदार भीलवाड़ा दिनेश कुमार साहू तथा का. तहसीलदार भू-अभिलेख भैरू लाल सुथार को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये है।

आरक्षित कार्यपालक मजिस्ट्रेट विशेषाधिकारी, नगर विकास न्यास चिमन लाल मीणा, तहसीलदार नगर विकास न्यास नीरज रावत, नायब तहसीलदार सुवाणा पवनेश कुमार शर्मा को आरक्षित कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये है। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि नियुक्त कार्यपालक मजिस्ट्रेट समकक्ष वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए उक्त त्यौहारों/अवसरों पर कानून व्यवस्था की स्थिति पर पूर्ण निगरानी रखेगें एवं सतर्कता बरतेगें। संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। किसी भी महत्वपूर्ण घटना की सूचना उच्च अधिकारियों को देते हुए आवश्यक कार्यवाही सम्पादित करेगे।

इन स्थानों के अलावा जिले के अन्य स्थानों के लिए संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट एवं संबंधित तहसीलदार कानून व्यवस्था की स्थिति पर पूर्ण निगरानी रखेगें एवं सतर्कता बरतेगें तथा शांति व्यवस्था बनाये रखने की सुनिश्चितता करेगे।कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए अति0 जिला मजिस्ट्रेट (शहर) श्रीमती प्रतिभा देवठिया को भीलवाड़ा शहर के लिए तथा अति0 जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) ओमप्रकाश मेहरा को भीलवाड़ा शहर को छोडकर सम्पूर्ण जिले के लिए प्रभारी मजिस्ट्रेट होगें।

शिविर में109305 किसानों का पंजीयन

■ अतिरिक्त जिला कलैक्टर वंदना खोरवाल ने बताया कि जिले में फार्मर रजिस्ट्री कैम्प ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित हो रहे है। इसके साथ-साथ सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से भी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

अजमेर (कासं)। फार्मर रजिस्ट्री शिविर के अन्तर्गत जिले में अब तक 109305 किसानों का पंजीकरण किया गया। इस दिन तक शिविरों में 115769 आवेदन प्राप्त हुए।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर वंदना खोरवाल ने बताया कि जिले में फार्मर रजिस्ट्री कैम्प ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित हो रहे है। इसके साथ-साथ सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से भी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविरों में किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री कराने पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ सीधा पात्र काश्तकार को मिलना सुनिश्चित होगा।

उन्होंने बताया कि अब तक जिले में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में प्राप्त 115769 आवेदनों में से 109305 किसानों का पंजीकरण हुआ। जिले में 5830 को पीएम किसान योजना, 4067 का मंगला पशु बीमा योजना, 79 को किसान क्रेडिट कार्ड, 7897 को पशु टीकाकरण, 30856 को पशु चिकित्सा उपचार, 982 को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, 66 को पालनहार योजना, 303 को पट्टे वितरण, 786 को जन्म-मृत्यु पंजीयन, 17 विमुक्त तथा घुमन्तु एवं अद्र्ध घुमन्तु परिवारों को भूखण्ड अथवा पट्टा आवंटन, 249 को खाद्य सुरक्षा लाभ, 68 को पीएम सूर्य घर योजना, 7655 को आयुष्मान कार्ड, 1700 को आयुष्मान वय वंदन योजना, 7562 की ई-केवाईसी, 4035 को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, 16041 किसानों के ऑनलाईन आवेदन, 2516 फसल बीमा पॉलिसी, 14445 मोबाईलों में राज किसान सुविधा एप, 1146 नए जीएसएस सदस्य जोड़े गए तथा पालनहार के 345 पंजीकृत आवेदनों का नवीनीकरण कार्य किया गया।

संगठन प्रभारी ने ली पहली बैठक, बूथ से लेकर ऊपर तक पार्टी को मजबूत करने पर चर्चा

मेड़ता सिटी । सिविल लाइन स्थित इंदिरा गांधी भवन कांग्रेस कार्यालय में विधानसभा पीसीसी द्वारा नियुक्त विधानसभा संगठन प्रभारी रुबीना खान ने पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा, पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश नारायण शर्मा,पूर्व नपा अध्यक्ष गौतम टाक ,रुस्तम अली प्रिंस, विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी शिवरतन वाल्मीकि,ब्लॉक अध्यक्ष नेमाराम बेड़ा, कांठोस नगर अध्यक्ष जाकिर खान सांखला,सुरेंद्र बापेडिया,खुमाराम जाजड़ा, नंदाराम मेहरिया,अविनाश बोरानिया, सुशील लटियाल,की मौजूदगी में मीटिंग ली।

प्रदेश कांठोस कमेटी द्वारा नियुक्त मेड़ता विधानसभा संगठन प्रभारी रुबीना खान ने मीटिंग ली,सर्वप्रथम प्रदेश कांठोस कमेटी और शीर्ष नेतृत्व के मिले संदेश को कार्यकर्ताओं के सामने रखा और उसके पश्चात बूथ से लेकर मंडल, ब्लॉक सभी कार्यकारिणियों को मजबूत करने और जहां पर नहीं बनी हुई है वहां पर नई कार्यकारिणी का गठन करने पर जोर दिया साथी उन्होंने कहा कि आने वाले समय में उन्हीं कार्यकर्ताओं को तवज्जो दी जाएगी जो सक्रिय रूप से रहकर कार्य करते हैं।

पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा ने सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर कांठोस को मजबूत करने का आ ान किया। साथ ही पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा करवाए गए ऐतिहासिक कार्यों को जनता के सामने रखने के लिए कार्यकर्ताओं को कहा।पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश नारायण शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सबसे पुरानी पार्टी है और आम कार्यकर्ताओं और नेताओं को तालमेल के साथ भविष्य में पार्टी को मजबूत करना है।

इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी शिवरतन वाल्मीकि ,ब्लॉक अध्यक्ष नेमाराम बेड़ा ,नगर अध्यक्ष जाकिर खान सांखला ,सुरेंद्र बापेड़िया नंदाराम मेहरिया, सुशील लटियाल, श्याम सुंदर सोमानी,सहित सभी अठिाम संगठनों के लोगों ने संबोधित किया। बैठक के पश्चात पर्ची सरकार रूपी मुख्यमंत्री का पुतला फूंका गया संगठन की बैठक पूरी होने के पश्चात मौजूद सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने इकट्ठा होकर इंदिरा गांधी भवन कांठोस कार्यालय से लेकर उपखंड अधिकारी कार्यालय के सामने तक मुख्यमंत्री का पुतला फूंका ।

मनाया फाग महोत्सव

मेड़ता सिटी । मेड़ता जी ब्रिलियंट सेकंडरी विद्यालय में कृष्ण रूप व राधा रूप में नन्हे मुन्ने बच्चों के साथ स्टाफ परिवार और परिवारजन के साथ फाग महोत्सव मनाया गया । महोत्सव में संगीतकार कालू राम की मधुर आवाज से भजनों की प्रस्तुति दी गई । संस्था प्रधान सरिता पुरोहित ने बताया कि विद्यालय परिवार द्वारा स्टाफ व विद्यार्थियों के साथ बच्चों के माता पिता के साथ विद्यालय परिसर फाग महोत्सव मनाया गया वही गुलाल लगा कर होली खेली गई । पुरोहित ने बताया इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कृष्ण, राधा सहित कई शृंगार कर शानदार प्रस्तुति दी गई। वही विद्यार्थियों ने योग के साथ फाग महोत्सव में प्रस्तुति दी । इस मौके पर सी पी पुरोहित, गोरी शंकर शर्मा, सोनू , विनीता, जगदीश, रेखा सहित कई स्टाफ व परिवार जन के सदस्य मौजूद थे।

विद्यार्थियों की अपार आईडी बनी अभिभावकों और विद्यालय संचालकों के लिए आफत

रुपनगढ़ – इस बार केन्द्र सरकार ने विद्यार्थियों के लिए एक अपार आईडी बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।अपार आईडी से छात्रों की शैक्षिणक जानकारी को एक जगह रखा जाता है। यह एक डिजिटल आईडी है, जिससे छात्रों की पढ़ाई और करियर की जानकारी मिलती है। अपार आईडी से विद्यार्थियों को बहुत से फ़ायदे जरूर मिलेंगे जैसे – छात्रों की मार्कशीट, डिठी, सर्टिफ़िकेट, और अन्य उपलब्धियां डिजिटल रूप से सुरक्षित रहती हैं। छात्रों की शैक्षिणक जानकारी एक ही प्लेटफ़ॉर्म पर आसानी से उपलब्ध होती है। छात्रों की पढ़ाई, कोर्स, ट्रेनिंग, और अन्य एजुकेशनल एक्टिविटीज का रिकॉर्ड इस आईडी में दर्ज होता है। बच्चों के द्वारा की गई विभिन्न एक्टिविटी, जैसे खेल, कला, संगीत आदि का भी रिकॉर्ड रखा जाता है। अपार आईडी को ऑनलाइन बनवाया जा सकता है। इसके लिए विद्यार्थी के पास आधार कार्ड होना ज़रूरी है। अब रूपनगढ़ क्षेत्र में लगभग 12-15 सरकारी और निजी विद्यालयों का संचालन हो रहा है।

जहां लगभग आठ – दस हजार से ज्यादा विद्यार्थीगण शिक्षा ठाहण कर रहें हैं । सरकार ने सख्त नियम तो बना दिया कि प्रत्येक विद्यार्थी की अपार आईडी बननी चाहिए, लेकिन कहीं पर भी आधार अपडेट या सुधार के लिए कोई केन्द्र स्थापित नहीं किया। रूपनगढ़ और रूपनगढ़ तहसील के आस पास के गांवों के लोग अपने बच्चों के आधार कार्ड को अपडेट या कोई त्रुटी होने पर सुधारने के लिए कहां जाएं। रूपनगढ़ के पोस्ट ऑफिस में मात्र एक आधार कार्ड आईडी चल तो रही है लेकिन नये आधार कार्ड बनाना और पांच साल तक के बच्चों के अपडेट के अलावा त्रुटी संसोधन कार्य नहीं होने के कारण विद्यार्थी और अभिभावक रोज इनके चक्कर लगा रहे हैं।

सीसीटीवी में कैद हुआ हादसा

भीलवाड़ा। जिले के रायला थाना क्षेत्र के लांबिया कला टोल पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भयानक थी की कार परखच्चे उड़ गए। धमाके की आवाज सुन कर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कार सवार घायलों को बाहर निकाला। कार में सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें हाईवे एंबुलेंस की सहायता व 108 एम्बुलेंस से रायला की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया जहां हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर भीलवाड़ा रेफर किया। रायला थाना प्रभारी बछराज चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा की उदयपुर का रहने वाला परिवार अपनी माँ की अस्थियां हरिद्वार में विसर्जन कर उदयपुर लौट रहा था।

महिला अभियान्त्रिकी महाविद्यालय, अजमेर
(बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर का संघटक महाविद्यालय)
WOMEN ENGINEERING COLLEGE, AJMER
(A CONSTITUENT COLLEGE OF BIKANER TECHNICAL UNIVERSITY, BIKANER)
Nasirabad Road, Makhupura, Ajmer - 305002
website: www.gweca.ac.in Ph. No.: 0145-2695535
email: principal@gweca.ac.in Fax No.:0145-2695102

No. GMECA/Procurement/2024-25/02 Date: 12.03.2025

निविदा सूचना: GMECA/2024-25

NIB No- WEA2425A0003, WEA2425A0004, WEA2425A0005, WEA2425A0006, WEA2425A0007
UBN No- WEA2425SSOB00003, WEA2425WSOB00004, WEA2425GSOB00005, WEA2425GSOB00006, WEA2425GSOB00007

महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय अजमेर परिसर में विभिन्न कार्यों हेतु नियमानुसार सक्षम निविदा दाताओं (Competent Bidders) से निविदा आमंत्रित की जाती है। सम्बंधित कार्यों की अनुमानित लागत, निविदा डाउनलोड एवं प्रस्तुत करने की दिनांक, शर्तें एवं अन्य आवश्यक विवरण सहित सम्पूर्ण विवरण राज्य सरकार की उपापन वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in, तथा महाविद्यालय की वेबसाइट www.gweca.ac.in पर देखी जा सकती है।

प्राचार्य
महिला अभियांत्रिकी महाविद्यालय अजमेर

भीलवाड़ा नगर निगम में जोड़ने के प्रस्ताव पर जताया विरोध

भीलवाड़ा। जिला प्रशासन द्वारा भीलवाड़ा नगर निगम से सटी 8 ग्राम पंचायतों व 24 गांवों को भीलवाड़ा नगर निगम में जोडने का विरोध कर सरपंचों व ठाामीणों ने आज जिला कलक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर अपना विरोध दर्ज कराया । जानकारी देते हुए पीसीसी मेम्बर राजेश चौधरी ने बताया कि आज ठाम पंचातयों के सरपंच मुखर्जी उद्यान में इकट्ठे हो इन गांवों को नगर निगम में जोड़ने का विरोध किया, इस अवसर पर राजेश चौधरी ने कहा कि इन ठाम पंचायतों की स्वायत्ता खत्मकर नगर निगम में जोड़ने के प्रस्ताव का गांवों में भारी आक्रोश है। इन ग्राम पंचायतों को नगर से जोड़ा जाता है तो ग्रामीण जो कि अपना जीवनयापन खेती बाड़ी व पशुपालन करके करते है।

कार्यालय पंचायत समिति डीडवाना

जिला डीडवाना कुचामन

सार्वजानिक हित में अपील

राज्य सरकार की ओर से ग्राम पंचायत स्तर पर भारत सरकार की एग्रीस्टैक योजनान्तर्गत 'फॉर्मर रजिस्ट्री' शिविर में अधिक से अधिक कृषक रजिस्ट्रेशन करवाए। भविष्य में कृषक को सरकार की ओर से दी जाने वाली सरकारी योजनाओं का लाभ 11 अंकों की आईडी के जरिए मिलेगा। फार्मर रजिस्ट्री शिविर में कृषक का आधार कार्ड, प्रत्येक खाते के जमाबंदी की अद्यतन प्रति, आधार पंजीकृत मोबाइल नंबर, जनाधार कार्ड आवश्यक दस्तावेज रजिस्ट्रेशन के लिए अनिवार्य

बंद पड़े नलकूप एवं कुए सभी ग्रामवासियों को सूचित किया जाता हैं कि अपने आसपास के जिन किसानों के बंद नलकूप एवं कुए जो खुले पड़े हैं। दुर्घटना की रोकथाम हेतु राज्य सरकार द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। जिन किसानों के खुले बोरवेल पड़े हैं उनको शीघ्रता से बंद करवाएं या सूचना देवें अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी जिनके जिम्मेदार आप स्वयं होंगे।

स्वच्छता अभियान में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें
अपने आस-पास के वावरण को साफ एवं सुंदर बनाए रखें
राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जनहित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें

प्लास्टिक मुक्त रखें
गांवों से साफ सफाई का ध्यान रखें
पर्यावरण बचाव हेतू पौधारोपण
मेरी माटी मेरा देश अभियान का प्रचार प्रसार

Save Tree
SAY NO TO PLASTIC!

‹›सरकारी भूमि पर अतिक्रमण ना करे। ‹› स्वच्छता अपनाए और रोग दूर भगाए k› जन्म मृत्यु का समय पर पंजीयन करवाएं।
‹› गंदगी मुक्त सप्ताह में योगदान दें।‹› राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें ।
‹› महानरेगा योजना के तहत रोजगार प्राप्त करें।‹› राजीव गांधी जल संचय योजना का लाभ उठाएं।
‹› खुले में शौच ना करें। शौचालय बनवाएं।‹› गांव को साफ-सुथरा रखें।
‹› पर्यावरण को संरक्षित रखें। *पेड़ लगाएं।‹› सार्वजनिक स्थानों, गलियों, सड़कों एवं नालियों की नियमित साफ सफाई करावें।
‹› गाँव एवं मंजरे में ग्रामीणों के सहयोग से स्थानीय समितियों का निर्माण कर साफ-सफाई व्यवस्था की निगरानी की जानी चाहिए।
‹› नालियों के पानी के निस्तारण हेतु बड़े सोख्ते गड्ढे भी बनाए जा सकते है k› सामुदायिक एवं अन्य सार्वजनिक भवनों में शौचालय की नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था हो ।‹› सामाजिक सेवाओं की समिति उक्त कार्यों की निगरानी करें।

श्रीमति सुवटी देवी
प्रधान
पंचायत समिति डीडवाना

श्री ओमप्रकाश लील
उपप्रधान
पंचायत समिति डीडवाना

गोपालराम
का.विकास अधिकारी
पंचायत समिति डीडवाना